दिन– मंगलवार दिनांक– 05/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रकाशित मतदाता प्रारूप सूची पर अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने दावा–आपत्ति दर्ज नहीं करायी। प्रक्रिया की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग के तीन पर्यवेक्षक आज पटना पहुंचेंगे।

02. संसद में एसआईआर पर जारी गतिरोध के बीच एनडीए संसदीय दल की महत्वपूर्ण बैठक आज नई दिल्ली में होगी।

03. भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी प्रत्यय अमृत राज्य के नए मुख्य सचिव बनाये गये हैं। एक सितम्बर को लेंगे पदभार।

04. और, गंगा, कोसी समेत प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी। पटना, बक्सर, भागलपुर और पश्चिम चम्पारण सहित कई जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति गम्भीर।

————————————————————————

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जारी दावा आपत्ति की प्रक्रिया की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग के तीन पर्यवेक्षक आज पटना पहुंचेंगे। ये दावा–आपत्ति के आवेदन स्वीकार करने और इससे संबंधित गतिविधियों की जानकारी लेंगे। तीन सदस्यीय टीम में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी भरत खेड़ा, अराधना पटनायक और नजमुल होदा शामिल हैं। इधर, आयोग के अनुसार अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने प्रकाशित मतदाता प्रारूप सूची पर दावा आपत्ति दर्ज नहीं करवाई है। वहीं, आम मतदाताओं की ओर से अब तक एक हजार नौ सौ सत्ताईस दावा आपत्ति की गई है।

————————————————————————

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन – एनडीए संसदीय दल की महत्वपूर्ण बैठक आज नई दिल्ली में होगी। एनडीए के लोकसभा और राज्यसभा सांसद इस बैठक में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बैठक को संबोधित करेंगे। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण मुद्दे पर चर्चा की विपक्षी दलों की मांग को लेकर संसद में आए गतिरोध के बीच यह बैठक हो रही है।

————————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की दस अगस्त से शुरू होने वाली वोट अधिकार यात्रा अब सत्रह अगस्त से शुरू होगी। पहले चरण में यात्रा की शुरूआत सासाराम से होगी।

————————————————————————

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी प्रत्यय अमृत राज्य के नए मुख्य सचिव होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। प्रत्यय अमृत बिहार के वर्तमान मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा का स्थान लेंगे। श्री मीणा इस महीने की इकतीस तारीख को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। प्रत्यय अमृत के पास विकास आयुक्त के साथ स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव का भी प्रभार है।

———————————————————————————

प्रदेश में शिक्षक भर्ती परीक्षा के चौथे चरण से डोमिसाइल नीति प्रभावी होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में डोमिसाइल नीति लागू करने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद शिक्षक नियुक्ति के लिए सिर्फ राज्य के मूल निवासी ही पात्र होंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि इस संबंध में शिक्षा विभाग को नियम में आवश्यक संशोधन करने के आदेश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया का पांचवा चरण वर्ष दो हजार छब्बीस में आयोजित होगा। वहीं, छठे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा से पहले माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा—एसटीईटी भी आयोजित की जायेगी। गौरतलब है कि शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में अभ्यर्थी लंबे समय से डोमिसाईल नीति लागू करने की मांग कर रहे थे।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज नालंदा जिले के सालेपुर से राजगीर तक फोर—लेन हाईवे निर्माण का शिलान्यास करेंगे। आठ सौ बासठ करोड़ तिरेसठ लाख रूपये की लागत से यह निर्माण होगा। वहीं, दूसरी ओर मुख्यमंत्री इक्यासी करोड़ रूपये से अधिक की लागत से बने राजगीर रोड आवेर ब्रिज का उद्‌घाटन करेंगे।

———————————————————————————

रक्षा मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के हमलावरों की पहचान और पृष्ठभूमि के बारे में कोई भी रिपोर्ट जारी करने का खंडन किया है। मंत्रालय का यह बयान सोशल मीडिया में आ रही खबरों के बाद आया है। मंत्रालय ने कहा कि सशस्त्र बलों के जनसंपर्क कार्यालय या किसी अधिकृत प्रवक्ता द्वारा इस प्रकार की कोई टिप्पणी नहीं की गई है। मंत्रालय ने कहा कि यह रिपोर्ट मुठभेड़ के बाद विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर आधारित हो सकती है।

———————————————————————————

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए विशेष पंजीकरण इस महीने की पन्द्रह तारीख तक बढ़ा दिया है। योजना के तहत आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर—घर जाकर जागरूकता प्रसार और

नामांकन किया जाता है। अभियान का उद्देश्य सभी गर्भवती और दूध पिलाने वाली माताओं तक पहुंचना और योजना के तहत समय से उनका पंजीकरण सुनिश्चित करना है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि योजना शुरू होने के बाद से चार करोड़ से भी अधिक लाभार्थियों को उन्नीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए उनके बैंक खाते या पोस्ट ऑफिस खाते में भेजी गई है।

———————————————————————————

प्रदेश में पहले जीविका दीदी हाट की आज से नालंदा में शुरूआत हो रही है। ये हाट जिले के एकंगरसराय प्रखंड अन्तर्गत तेलहारा बाजार में खोला गया है। हाट में किराना दुकान से लेकर सब्जी और जन औषधि के स्टॉल रहेंगे। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि इस हाट से तीस से चालीस जीविका दीदी जुड़ी हैं। उन्होंने बताया कि आठ अन्य जिलों में भी जीविका दीदी हाट खोला जायेगा।

———————————————————————————

पटना एम्स के रेजिडेंट और जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल आज पांचवे दिन भी जारी है। इधर, पीएमसीएच, एनएमसीएच और आईजीआईएमएस के जूनियर डॉक्टरों ने भी हड़ताल को समर्थन दिया है। डॉक्टरों ने आज काली पट्टी बांधकर कार्य करने का निर्णय किया है। हड़ताली चिकित्सकों ने कहा है कि विधायक चेतन आनंद के लिखित माफी नामे और एम्स प्रशासन की ओर से थाने में दायर शिकायत को सार्वजनिक किये जाने तक हड़ताल जारी रहेगी।

———————————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्रों और प्रदेश के विभिन्न भागों में लगातार बारिश के कारण गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी और कमला बलान सहित कई प्रमुख नदियों के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कोसी बराज से एक लाख चौहत्तर हजार पांच सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे पश्चिमी कोसी तटबंध पर दबाव बढ़ गया है। इसके चलते जल संसाधन विभाग ने तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है। तटवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों से विशेष सकर्तता बरतने की अपील की गयी है। हमारे संवाददाता ने बताय कि पश्चिम चम्पारण जिले में तेज बारिश के बाद गंडक समेत पहाड़ी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

वाल्मीकिनगर गंडक बराज़ से डेढ़ लाख क्यूसेक के लगभग पानी छोड़े जाने के बाद गंडक नदी में उफ़ान है। दियारा के निचले इलाकों में जिला प्रशासन द्वारा लोगों से सतर्कता बरतने कि अपील कि गईं है। मौसम विभाग ने भी भारी बारिश औऱ आकाशिय बिजली गिरने कि संभावना जताया है। इधर, जिले में हो रही बारिश के कारण

धान और् गन्ना की फ़सलों के लिए यह वर्षा लाभदायक साबित होगा। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

हमारे पूर्णियां संवाददाता ने बताया कि जिले में अत्यधिक वर्षा से शहरी और ग्रामीण इलाकों में कई जगहों पर जल जमाव होने से जन जीवन प्रभावित हुआ है। बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में गंगा के साथ–साथ कर्मनाशा नदी के भी जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

———बाइट———

गंगा और कर्मनाशा नदी के उफान पर रहने के चलते कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। कर्मनाशा नदी का पानी बक्सर–मोहनिया स्टेट हाईवे पर दो फीट तक बह रहा है। इससे आवागमन प्रभावित हुआ है। वहीं, चौसा थाना क्षेत्र के अखौरीपुर गोला के पास भी पानी के तेज बहाव के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है। बनारपुर गांव पूरी तरह जलमग्न हो गया है। लोग ऊंचे स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं। एसडीओ अविनाश कुमार ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन हर आवश्यक कदम उठा रहा है। आकाशवाणी समाचार के बक्सर से शशांक शेखर।

भागलपुर जिले में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से इक्यावन सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार प्रति दो घंटे में जलस्तर में एक सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हो रही है। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

गंगा नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ने से सुल्तानगंज का नमामि गंगे घाट चारों तरफ से पानी से घिर गया है। घाट जाने वाली पी सी सी रोड पर भी पानी बह रहा है। वहीं, कहलगांव में नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है। लगातार हो रही बारिश से भी भागलपुर के शहरी क्षेत्र के निचले हिस्से में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। वहीं, दीप नगर घाट में बाढ़ का पानी प्रवेश करने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। टी एम बी यू के निचले हिस्से में पानी आ गया है। जिले के गंगा किनारे सटे निचले हिस्से में कटाव और पानी आने से लोग बाढ़ के कारण होने वाली परेशानी से चिंतित हैं। इधर, नदी किनारे बसे गांवों के किसानों में चिंता गहराने लगी है। खेतों में पानी भर जाने से धान की फसल और बिचड़े डूब चुके हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

बांका से हमारे संवाददाता ने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण जिले के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए है। मुंगेर और बांका जिले की सीमा पर स्थित बदुआ नदी का जलस्तर बढ़ने से कांवड़ियों की यात्रा प्रभावित हुई है। प्रशासन ने कांवड़ियों से नदी के स्थान पर वैकल्पिक मार्ग से गुजरने की अपील की है। इधर, हमारे पटना संवादाता ने बताया कि गंगा नदी उफान पर है। दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बन गये हैं।

———बाईट———

पटना में पिछले चार दिनों से हो रही बारिश के कारण कई निचले इलाकों में जल जमाव से जन जीवन प्रभावित है। दियारा इलाकों बाढ़ की स्थिति विकट हो गयी है। साथ ही शहरी क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर जल जमाव से जन जवीन प्रभावित है। दानापुर नगर परिषद क्षेत्र के गाभतल समेत विभिन्न स्थानों पर पानी जमा हो जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पाटलिपुत्र कॉलोनी, राजेन्द्र नगर, कंकड़बाग, पटेल नगर और एजी कॉलोनी सहित कई मुहल्लों में भी पानी जमा है। इधर, पटना सिटी के महावीर घाट, भद्रघाट, नोजर घाट समेत विभिन्न घाटों पर गंगा नदी का पानी फैल गया है। भद्रघाट से कंगन घाट तक नदी किनारे सड़क पर एक फीट से अधिक पानी बह रहा है, जिसके कारण आवागमन बाधित हो गया है। पानी निकासी के लिए नगर निगम की ओर से उन्नीस टीमें तैनात की गयी है। पटना सिटी एसडीओ सत्यम सहाय ने सभी थानों को अलर्ट करते हुये गंगा किनारे निगरानी बढ़ाने के लिए चौकीदार की तैनाती के निर्देश दिये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, खगड़िया जिले में गंगा के साथ–साथ बूढ़ी गंडक और कोसी नदी अपने रौद्र रूप में है। नदियों के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी से कई तटवर्ती इलाके बाढ़ की चपेट में आ गये हैं।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के निदेशक आशीष कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि अगले एक सप्ताह तक राज्य में बारिश की गतिविधियां जारी रहेगी। इस अवधि में उत्तर बिहार में कई स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इसके चलते बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है।

———बाइट———

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– शिक्षक भर्ती के चौथे चरण से डोमिसाईल नीति लागू।

दैनिक जारगण की बड़ी खबर है– नहीं रहे दिशोम गुरू शिबू सोरेन।

दैनिक भास्कर लिखता है–मानव तस्करी और देह व्यापार में फंसी लड़कियों को मुक्त कराने को चौदह तक चलेगा ऑपरेशन नया सवेरा।

प्रभात खबर लिखता है– बिहार में सबसे कम उम्र का नेत्रदान, सारण की बच्ची की आंखों से मिलेगी दो लोगों को रोशनी।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रकाशित मतदाता प्रारूप सूची पर अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने दावा–आपत्ति दर्ज नहीं करायी। प्रक्रिया की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग के तीन पर्यवेक्षक आज पटना पहुंचेंगे।

02. संसद में एसआईआर पर जारी गतिरोध के बीच एनडीए संसदीय दल की महत्वपूर्ण बैठक आज नई दिल्ली में होगी।

03. भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी प्रत्यय अमृत राज्य के नए मुख्य सचिव बनाये गये हैं। एक सितम्बर को लेंगे पदभार।

04. और, गंगा, कोसी समेत प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी। पटना, बक्सर, भागलपुर और पश्चिम चम्पारण सहित कई जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति गम्भीर।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।